अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

20-21 FEB., 2024

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **20 फरवरी - विश्व सामाजिक न्याय दिवस**




- विश्व सामाजिक न्याय दिवस हर साल 20 फरवरी को मनाया जाता है।
- उद्देश्य- दुनिया भर में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना। यह दुनिया भर के विभिन्न समुदायों को एक समान आधार पर भी लाता है।
- थीम 2024 - अंतराल पाटना, गठबंधन बनाना
- विश्व सामाजिक न्याय दिवस का इतिहास 1995 से जुड़ा है जब सामाजिक विकास के लिए कोपेनहेगन शिखर सम्मेलन डेनमार्क में आयोजित किया गया था।
- इसके बाद शिखर सम्मेलन में कोपेनहेगन घोषणा और कार्रवाई कार्यक्रम सामने आया, जिसमें समाज में गरीबी, बेरोजगारी और भेदभाव जैसे संबंधित मुद्दों को समाप्त करने का आह्वान किया गया।

2. **20 फरवरी मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश दोनों का राज्यत्व दिवस**




- 1987 में पूर्वोत्तर राज्य को राज्य का दर्जा मिलने का सम्मान करने के लिए हर साल 20 फरवरी को मिजोरम स्थापना दिवस मनाया जाता है।
- इसी दिन लुशाई हिल्स स्वायत्त जिला परिषद को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया और यह भारत का 23वां राज्य बन गया।
- 20 फरवरी मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश दोनों का राज्यत्व दिवस है।
- भारत के सुदूर उत्तर-पूर्व में बसा मिजोरम इस क्षेत्र का सबसे दक्षिणी भूमि से घिरा राज्य बना हुआ है। इसके तीन-चौथाई से अधिक क्षेत्र को कवर करने वाले घने जंगल, महत्वपूर्ण लकड़ी और एक तरह की जैव विविधता की कहानियाँ सुनाते हैं।

3. **उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ESMA act लागू किया**



- उत्तर प्रदेश सरकार ने छह महीने की अवधि के लिये सभी राज्य सरकार के विभागों, निगमों और प्राधिकरणों में सरकारी कर्मचारियों द्वारा हड़ताल पर प्रतिबंध लगाते हुए आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (ESMA), 1968 लागू किया।
- यह निर्णय विभिन्न यूनियन संगठनों द्वारा आहूत किसानों की हड़ताल के दौरान आया।
- उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम, 1966 (यूपी अधिनियम संख्या 30, 1966) की धारा-3 की उपधारा (1) के तहत, राज्य सरकार ने छह महीने की अवधि के लिये हड़ताल पर रोक लगा दी है।
- अधिनियम पुलिस को प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों को बिना वारंट के गिरफ्तार करने की शक्ति देता है और एक वर्ष तक की कैद या गैरकानूनी हड़ताल के लिये उकसाने वाले व्यक्ति को ₹1,000 तक का जुर्माना या दोनों का जुर्माना लगा सकता है।

4. **पीएम मोदी ने यूपी में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में श्री कल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखी है.
- श्री कल्कि धाम के निर्माण की देखरेख श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा की जाती है, जिसका नेतृत्व इसके अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम करते हैं।
- प्रधान मंत्री ने राज्य भर में ₹10 लाख करोड़ से अधिक मूल्य की 14,000 से अधिक परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।
- ये परियोजनाएं पिछले वर्ष आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 (यूपीजीआईएस 2023) के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों से जुड़ी हैं।

5. **लंदन के साउथबैंक सेंटर के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 77वें बाफ्टा (ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवॉर्ड्स) सेरेमनी का आयोजन किया**



- लंदन के साउथबैंक सेंटर के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 77वें बाफ्टा (ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवॉर्ड्स) सेरेमनी का आयोजन किया।
- क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म समेत 7 बाफ्टा अपने नाम किए।
- इसी फिल्म के लिए डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन को बेस्ट डायरेक्टर और एक्टर रॉबर्ट डाउनी जूनियर को बेस्ट स्पोर्टिंग एक्टर के अवॉर्ड से नवाजा गया।
- इस साल बाफ्टा में ओपेनहाइमर को सबसे ज्यादा 13 कैटेगरी में नॉमिनेशन मिले थे।
- ओपेनहाइमर के अलावा फिल्म पुअर थिंग्स ने 5 बाफ्टा अपने नाम किए।

6. **ISRO की INSAT-3DS सैटेलाइट लॉन्च**



- फरवरी को इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) ने सैटेलाइट INSAT-3DS को लॉन्च किया।
- इसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से शाम 5:35 बजे लॉन्च किया गया।
- यह 10 साल तक मौसम की सटीक जानकारी देगा।
- यह 19 मिनट 13 सेकेंड में 37000 किलोमीटर ऊंचाई पर जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) यानी पृथ्वी की ऊपरी कक्षा में पहुंचा।

7. **पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 5 पायदान फिसलकर 85वें स्थान पर आ गया**



- पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 5 पायदान फिसलकर 85वें स्थान पर आ गया है।
- 2023 में भारत 80 वें स्थान पर था।
- हालांकि पिछले साल की तुलना में इस साल भारतीय 5 ज्यादा देशों में वीजा फ्री ट्रैवल कर सकते हैं।
- 2023 में भारत के लोग 57 देशों में बिना वीजा ट्रैवल कर सकते थे, जबकि इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 62 हो गया है।
- वहीं, दुनिया में 6 देशों के पास सबसे पावरफुल पासपोर्ट है।
- इनमें जापान, सिंगापुर, स्पेन, फ्रांस, इटली और जर्मनी शामिल हैं।
- ये रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के डेटा पर आधारित है।

8. **हिमाचल प्रदेश 2024 में भारत के सबसे स्वागत योग्य क्षेत्र के रूप में अग्रणी रहा**



- बुकिंग. कॉम ने भारत के सबसे स्वागत योग्य क्षेत्रों पर 12वें वार्षिक ट्रैवलर रिव्यू अवार्ड्स 2024 प्रदान करने की घोषणा की है
- इसमें भारत के सबसे स्वागत योग्य क्षेत्रों और शहरों पर प्रकाश डाला गया है
- हिमाचल प्रदेश ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है
- केरल का मरारीकुलम सर्वाधिक स्वागत योग्य शहर बना है

**9. सोनोवाल ने बिहार में कालूघाट अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन टर्मिनल का उद्घाटन किया**



- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बिहार में सारण जिले के परमानंदपुर के पास कालूघाट में राष्ट्रीय जलमार्ग -1 (NW-1) पर नवनिर्मित कालूघाट अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन (IWT) टर्मिनल का उद्घाटन किया है।
- इसका निर्माण 82.48 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है.
- यह NW-1 के साथ हल्दिया और कोलकाता बंदरगाहों से जहाजों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।
- नया इंटरमॉडल टर्मिनल कार्गो अंतर्देशीय जलमार्गों पर हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाएगा।

**10. ग्रीस ने समलैंगिक विवाह को वैध घोषित किया**




- ग्रीस ने समलैंगिक विवाह को वैध घोषित किया है
- समलैंगिक विवाह को वैध घोषित करने वाला पहला बहुसंख्यक रूढ़िवादी ईसाई देश बन गया है।
- रूढ़िवादी चर्च के विरोध का सामना करने के बावजूद सांसदों ने विधेयक पारित कर दिया है
- भारत में सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता नहीं है, हालांकि समलैंगिक जोड़ों को कई अधिकार दिए गए हैं
- ब्रिटिश काल में IPC की धारा 377 के तहत समलैंगिक संबंधों को अपराध घोषित किया गया था।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **विश्व सामाजिक न्याय दिवस हर वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
   (a) 20 फरवरी
   (b) 22 फरवरी
   (c) 23 फरवरी
   (d) 24 फरवरी
2. **निम्नलिखित में से कौन सा राज्य 20 फरवरी को अपना स्थापना दिवस नहीं मनाता है?**
   (i) त्रिपुरा
   (ii) सिक्किम
   (iii) अरुणाचल प्रदेश
   (iv) मिजोरम
   (a) only I (b) only ii
   (c) only i & ii (d) only ii & iii
3. **हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा ESMA act लागू किया गया है?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) राजस्थान
   (c) महाराष्ट्र
   (d) गुजरात
4. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में श्री कल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखी है?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b) गुजरात
   (c) राजस्थान
   (d) महाराष्ट्र
5. **बाफ्टा अवॉर्ड 2024 कहां पर अयोजित हुए हैं?**
   (a) इंग्लैंड
   (b) श्रीलंका
   (c) ऑस्ट्रेलिया
   (d) लंदन
6. **फरवरी 2024 में Insat - 3DS सैटेलाइट किसने लॉन्च किया गया है?**
   (a) ISRO
   (b) NASA
   (c) SpaceX
   (d) None of these
7. **हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2024 में भारत का कौन सा स्थान है?**
   (a) 80
   (b) 85
   (c) 72
   (d) 65
8. **2024 में भारत के सबसे स्वागत योग्य क्षेत्र के रूप में कौन सा प्रदेश अग्रणी रहा है?**
   (a) उत्तराखंड
   (b) छत्तीसगढ़
   (c) हिमाचल प्रदेश
   (d) सिक्किम
9. **NW-1 पर नवनिर्मित कालूघाट अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन (IWT) टर्मिनल का उद्घाटन किसने किया है?**
   (a) अनुराग ठाकुर
   (b) पीयूष गोयल
   (c) जितेंद्र सिंह
   (d) सर्बानंद सोनोवाल
10. **हाल ही में किस देश ने समलैंगिक विवाह को वैध घोषित किया है?**
   (a) इथोपिया
   (b) सोमालिया
   (c) ग्रीस
   (d) हंगरी

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (c) | (a) | (a) | (d) | (a) | (b) | (c) | (d) | (c) |